कक्षा– VIII
विषय– हिन्दी
सेट – I

पूर्णांक –20

**सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

I स्वयं झरने से भी ज्यादा खूबसूरत मालूम होता है– झरने के आगे की घाटी का दृश्य। पहाड़ों के बीच एक पतली–सी नदी बहती जाती है, जैसे थर्मामीटर में एक पतला पारा हो। आगे भी एक पहाड़ मालूम होता है। ज्ञात होता है, पहाड़ नदी को ललकार रहा है कि यहाँ तुम किसी प्रकार पार होकर मेरे आगे जा सको तो जानूँ। यहाँ पर नदी यों दिखाई देती है। जैसे– नदी के इर्द–गिर्द पत्थरों का अंबार लगाकर उसपर झाड़ी उगाई गई हो। प्रकृति या परमात्मा ने अपने हाथ से यह सब किया होगा अन्यथा मनुष्य जाति में इतनी सामर्थ्य कहाँ? सैकड़ों वर्षें में भी मानव के प्रयत्नों से शोभा के इस विशाल वैभव की सृष्टि कठिन है।

उपर्यक्त पाठ्यांश के आधार पर प्रश्न संख्या 1 से 3 तक प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनिए –

1 झरने के आगे दिखाई देता है –
(A) घाटी (B) पहाड़ (C) नदी (D) उपर्युक्त सभी

2. नदी को कौन ललकार रहा है –
(A) झरना (B) पहाड़ (C) पत्थर (D) मनुष्य

3. झरने की शोभा के इस विशाल वैभव की सृष्टि किसने की –
(A) मनुष्य (B) दानव (C) प्रकृति या परमात्मा (D) किसी ने नहीं

II विद्यालयों के लिए प्रकाशित होनेवाली 'पंख' पत्रिका के संपादक को अपनी कविता प्रकाशित करने के लिए लिखे गए पत्र के छूटे हुए अंश को भरिए, जो प्रश्न संख्या 4,5 तथा 6 के रूप में बॉक्स में क्रमांकित हैं –

सेवा में,
संपादक महोदय
'पंख' राज्य परियोजना परिषद्, झारखण्ड

विषय : कविता प्रकाशन हेतु

(...4..)

मैं अपनी प्रतिष्ठित पत्रिका (...5...) का कई वर्षों से पाठक हूँ। मैं इस पत्रिका में प्रकाशन हेतु अपनी कविता 'नन्ही चिड़ियाँ' भेज रहा हूँ। यह मेरी (....6...) रचना है और अन्यत्र प्रकाशित नहीं हुई है। इसे सत्यापित करने के लिए मेरे हिन्दी अध्यापक का प्रमाण–पत्र संलग्न है।

आशा है आप यथाशीघ्र मेरी कविता को अपनी पत्रिका में प्रकाशित करेंगे।

सधन्यवाद

विश्वाभजन
आदित्य सिन्हा
कक्षा– VIII
रा0म0वि0राँची

संलग्नक :
1. कविता – नन्ही चिड़ियाँ
2. हिन्दी अध्यापक का प्रमाण–पत्र

4. (A) महाशया/महोदया (B) महाशय/महोदय (C) आदरणीय (D) नमस्ते
5. (A) पंख (B) सुमन (C) सुरभि (D) नन्हे सम्राट
6. (A) प्रकाशित (B) नकल (C) मौलिक (D) अमौलिक

III नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नसंख्या 7 एवं 8 के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए –

चाहे गाँव हो या शहर, एक पड़ोसी ही दूसरे पड़ोसी के सुख–दुःख में साथ देता है। वह जन्म–दिन तथा विवाह आदि सांस्कृतिक शुभ अवसरों पर हमारे सुख में निष्कपट भाव से शामिल होता है और विपत्ति के समय भी वही हमारी दाहिनी बाँह बनकर सहारा देता है।

7. गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक है –
(A) जन्म दिन (B) विवाह (C) गाँव (D) पड़ोसी का महत्व

8. पड़ोसी हमारा साथ कब देते हैं –
(A) सुख में (B) दुःख में
(C) जन्म दिन तथा विवाह में (D) उपर्युक्त सभी

9. 'छोटा जादूगर' शीर्षक कहानी में बालक के किस/किन गुण/गुणों को उभारा गया है –
(A) साहस (B) स्वावलंबन (C) मातृसेवा (D) सभी विकल्प सही है।

10. 'पथ की पहचान' शीर्षक कविता में कवि पथ की पहचान करने कहता है क्योंकि
(A) सफलता प्राप्त करना आसान हो जाता है।
(B) सफलता प्राप्त करना कठिन हो जाता है।
(C) पथ पर काँटे होते हैं जो पैरों में चुभ सकते हैं।
(D) कोई विकल्प सही नहीं।

11. 'अशोक का शस्त्र–त्याग' शीर्षक एकांकी का प्रमुख पात्र अशोक कहाँ के सम्राट थे ?
(A) कलिंग (B) मगध (C) चंपा (D) कोसल

12. 'अमरूद को पेड़' शीर्षक पाठ में अमरूद का पेड़ अंततः काट दिया गया, जिसका कारण था–
(A) अंधविश्वास (B) जगह की कमी
(C) कीड़े लग गए थे (D) फल नहीं लगते थे।

13. 'राम का भरत को संदेश' पाठ किस महाकाव्य का अंश है –
(A) रामायणम् (B) महाभारत
(C) रामचरितमानस (D) कवितावली

14. 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' शीर्षक कविता में बूढ़ी पृथ्वी को किस बात का दुख है–
(A) प्रकृति का दोहन (B) प्रकृति का प्रदूषण
(C) विकल्प A और B दोनों (D) कोई विकल्प सही नहीं।

15. 'अपराजिता' शीर्षक पाठ में अपराजिता कौन है –
(A) लेखिका शिवानी (B) डॉ० चंद्रा
(C) श्रीमती सुब्रह्मण्यम (D) डॉ० वर्गीज

16. 'भीगी बिल्ली बनना' महावरे का अर्थ है –

(A) डर जाना (B) बिल्ली का भीग जाना

(C) ठंडक लगना (D) बहादुर बनना।

17. 'परोपकार' का संधि विच्छेद है –

(A) परा + उपकार (B) पर + उपकार

(C) परो + पकार (D) परोप + कार

18. विलोम शब्द युग्म चुनिए

(A) उत्तर – दक्षिण (B) आकाश – अंबर

(C) पृथ्वी – धरा (D) चरण – पादुका

19. 'मैं भी बहुत भयभीत था' इस वाक्य में प्रविशेषण है –

(A) मैं (B) भी (C) बहुत (D) भयभीत

20. 'विष' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है –

(A) जहर (B) गरल

(C) हलाहल (D) अमिय

**कक्षा – VIII**

**सेट– I**

**विषय– हिन्दी**

| प्रश्न संख्या | उत्तर | प्रश्न संख्या | उत्तर |
|---|---|---|---|
| 1. | D | 11. | B |
| 2. | B | 12. | A |
| 3. | C | 13. | C |
| 4. | B | 14. | C |
| 5. | A | 15. | B |
| 6. | C | 16. | A |
| 7. | D | 17. | B |
| 8. | D | 18. | A |
| 9. | D | 19. | C |
| 10. | A | 20. | D |